Reporters Required!
For
Delhi, Haryana, UP, Ludhiana, Shimla, Bihar, Jammu, Jaipur Amritsar, Bathinda,
Call/WhatsApp:
+91-9157875000
+91-9041488440
Email:
azadvaani65@gmail.com

Monthly Hindi/English Newspaper

Published from SAS Nagar (Mohali)

# Azad वाणी

NEWS • VIEWS • ANALYSIS

RNI No.
PBBIL/26/A0779






## महिलाओं की सुरक्षा का भरोसेमंद सहारा बने पंजाब पुलिस के 'सांझ राहत केंद्र'



चंडीगढ़, 14 जुलाई 2026: महिलाओं की सुरक्षा और सहायता के लिए पंजाब पुलिस द्वारा स्थापित 'सांझ राहत केंद्र' प्रभावी कम्युनिटी पुलिसिंग मॉडल के रूप में उभरकर सामने आए हैं। पिछले दो वर्षों में इन केंद्रों ने 1,656 मामलों की स्क्रीनिंग की, जिनमें से 1,069 मामले दर्ज किए गए। डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि ये केंद्र घरेलू हिंसा और अन्य संकटों से जूझ रही महिलाओं को काउंसलिंग, कानूनी सहायता, पुलिस सहयोग और पुनर्वास जैसी सेवाएं प्रदान कर उन्हें सम्मान के साथ नया जीवन शुरू करने में मदद कर रहे हैं।

उन्होंने बताया कि सांझ राहत केंद्रों ने कई मामलों में त्वरित हस्तक्षेप कर महिलाओं की जान बचाई, उन्हें सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया, चिकित्सा सुविधा दिलाई और रोजगार व परिवार से पुनः जोड़ने में भी सहायता की। वहीं, स्पेशल डीजीपी गुरप्रीत कौर देओ ने कहा कि वर्ष 2011 से शुरू हुई 'सांझ' पहल के तहत राज्यभर में 530 से अधिक सांझ केंद्र नागरिक-केंद्रित सेवाएं दे रहे हैं। इसके अलावा जागृति कार्यक्रम और महिला हेल्प डेस्क के माध्यम से लाखों बच्चों, शिक्षकों और नागरिकों को महिला सुरक्षा, साइबर अपराध, घरेलू हिंसा और लैंगिक संवेदनशीलता जैसे विषयों पर जागरूक किया गया है।

## 7,000 रुपये की रिश्वत लेते एएसआई विजिलेंस के हत्थे चढ़ा, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत केस दर्ज



चंडीगढ़, 14 जुलाई 2026: पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने भ्रष्टाचार के खिलाफ जारी अभियान के तहत महिला पुलिस थाना, पुलिस लाइंस संगरूर में तैनात एएसआई (लोकल रैंक) कमलजीत सिंह को 7,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई भवानीगढ़ निवासी एक व्यक्ति की शिकायत पर की गई।

शिकायतकर्ता के अनुसार, घरेलू विवाद से जुड़े मामले में उसके, उसके पिता और भाई के खिलाफ दर्ज शिकायत का चालान अदालत में पेश करने के बदले आरोपी एएसआई ने 10,000 रुपये रिश्वत की मांग की थी।

# मोहाली के उद्योगों की समस्याओं पर हुआ मंथन, पंजाब ट्रेड कमीशन की इंडस्ट्रियलिस्ट मीट में ट्रैफिक, सुरक्षा और जीएसटी सहित कई मुद्दे उठे




मोहाली, 14 जुलाई 2026। मोहाली के औद्योगिक क्षेत्र से जुड़े लंबे समय से लंबित मुद्दों के समाधान और उद्योगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पंजाब ट्रेड कमीशन, मोहाली की ओर से इंडस्ट्रियलिस्ट मीट का आयोजन एमआईए भवन, फेज-7, इंडस्ट्रियल एरिया, मोहाली में किया गया। बैठक में औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों, उद्यमियों, व्यापारिक संगठनों के सदस्यों और विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य उद्योग जगत की समस्याओं पर चर्चा कर उनके समाधान के लिए संबंधित विभागों के समक्ष ठोस सुझाव रखना रहा।

बैठक के दौरान उद्योगपतियों ने बार-बार होने वाली बिजली कटौती, पेड़ों की छंटाई (ट्री प्रूनिंग), जीएसटी से जुड़ी तकनीकी समस्याएं, नगर निगम से संबंधित कार्यों, सफाई व्यवस्था और औद्योगिक क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं की कमी जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। उद्योग प्रतिनिधियों ने कहा कि इन समस्याओं का सीधा असर उत्पादन, व्यापारिक गतिविधियों और निवेश के माहौल पर पड़ रहा है।

यातायात व्यवस्था बैठक का सबसे प्रमुख मुद्दा रही। उद्योगपतियों ने विशेष रूप से फेज-7, फेज-8बी और जेएलपीएल (सेक्टर-82) के एंट्री और एग्जिट पॉइंट्स पर घंटों तक लगने वाले ट्रैफिक जाम पर गंभीर चिंता जताई। उनका कहना था कि सुबह और शाम के समय कर्मचारियों, मालवाहक वाहनों और आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। जाम के कारण उद्योगों में समय पर कच्चा माल और तैयार उत्पाद पहुंचाने में भी कठिनाइयां आती हैं, जिससे उत्पादन प्रभावित होता है।

बैठक में जेएलपीएल, सेक्टर-82 स्थित रेलवे ब्रिज के समीप संचालित ऑनलाइन एग्जामिनेशन सेंटर का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। उद्योगपतियों ने कहा कि परीक्षा के दिनों में बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों और वाहनों के पहुंचने से इस क्षेत्र में कई घंटों तक भीषण जाम की स्थिति बनी रहती है। इसका सीधा असर आसपास स्थित फैक्ट्रियों के संचालन पर पड़ता है। कर्मचारियों को समय पर फैक्टरी पहुंचने में दिक्कत होती है, मालवाहक वाहन फंस जाते हैं और औद्योगिक गतिविधियां प्रभावित होती हैं। उद्योगपतियों ने प्रशासन से इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए ट्रैफिक प्रबंधन और वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग की।

बैठक में चोरी की बढ़ती घटनाओं और औद्योगिक सुरक्षा पर भी विस्तार से चर्चा हुई। विशेष रूप से सुबह और शाम की शिफ्ट में काम करने वाली महिला कर्मचारियों की सुरक्षा को लेकर उद्योग प्रतिनिधियों ने चिंता व्यक्त की। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्रों में पुलिस गश्त बढ़ाने, सीसीटीवी कैमरों का नेटवर्क मजबूत करने, पर्याप्त स्ट्रीट लाइट लगाने और सुरक्षा व्यवस्था को और प्रभावी बनाने की मांग की।

## 'युद्ध नशों विरुद्ध' अभियान के 500 दिन पूरे: 73,300 तस्कर गिरफ्तार, ₹847 करोड़ की संपत्ति जब्त!

चंडीगढ़, 14 जुलाई 2026: पंजाब सरकार के 'युद्ध नशों विरुद्ध' अभियान के 500 दिन पूरे होने पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. बलबीर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में शुरू किया गया यह अभियान अब जन आंदोलन का रूप ले चुका है। उन्होंने कहा कि सरकार की 'प्रोटेक्ट, हील एंड प्रिवेंट' (सुरक्षा, उपचार और रोकथाम) रणनीति के कारण नशों के खिलाफ लड़ाई में उल्लेखनीय सफलता मिली है और पंजाब को नशा-मुक्त बनाने का संकल्प पहले से अधिक मजबूत हुआ है।

डॉ. बलबीर सिंह ने बताया कि 1 मार्च 2025 से शुरू हुए अभियान के तहत अब तक एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत 52,432 एफआईआर दर्ज की गई हैं और 73,300 से अधिक नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें 621 बड़े तस्कर भी शामिल हैं, जो संगठित नेटवर्क चला रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार ने केवल गिरफ्तारी तक कार्रवाई सीमित नहीं रखी, बल्कि नशे के कारोबार से अर्जित ₹847 करोड़ की अवैध संपत्ति भी जब्त की है। उन्होंने दावा किया कि पिछली सरकारों ने इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया था।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सरकार ने पुलिस, स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल, जेल और सामाजिक सुरक्षा विभागों के समन्वय से व्यापक रणनीति अपनाई है। उन्होंने बताया कि 'सेफ पंजाब हेल्पलाइन' पर पिछले 500 दिनों में 46,342 सूचनाएं प्राप्त हुईं, जिनके आधार पर 22,960 तस्करों की गिरफ्तारी संभव हुई। उन्होंने इसे सरकार के प्रति जनता के बढ़ते विश्वास और सक्रिय भागीदारी का प्रमाण बताया।

पुनर्वास के मोर्चे पर भी सरकार ने बड़े कदम उठाए हैं। राज्य में वर्तमान में 213 सरकारी एवं निजी नशा मुक्ति केंद्र, 90 पुनर्वास केंद्र और 547 ओओएटी क्लीनिक संचालित हैं, जहां सरकारी संस्थानों में निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। अभियान के दौरान 38,000 से अधिक मरीजों को सरकारी नशा मुक्ति केंद्रों में भर्ती कर उपचार दिया गया है, जबकि 10 लाख से अधिक लोगों का ओओएटी कार्यक्रम के तहत पंजीकरण किया गया है। इसके अलावा 10,917 लोगों को उपचार का अवसर देने के लिए कानूनी छूट भी प्रदान की गई।



## यूटी प्रशासक से मिले भाजपा नेता संजय टंडन, शिक्षकों की लंबित मांगों के शीघ्र समाधान की उठाई मांग



चंडीगढ़, 14 जुलाई 2026: भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय टंडन ने मंगलवार को 'टीचर्स यूनियन ऑफ सिटी ब्यूटीफुल' के प्रतिनिधिमंडल के साथ पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया से मुलाकात कर शिक्षकों की लंबे समय से लंबित मांगों के संबंध में एक विस्तृत ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा विभाग के अंतर्गत कार्यरत शिक्षकों से जुड़े विभिन्न प्रशासनिक और वित्तीय मामलों का जल्द समाधान करने का आग्रह किया।

ज्ञापन में सबसे प्रमुख मांग वर्ष 2015 बैच के शिक्षकों के प्रोबेशन पीरियड को तत्काल मंजूरी देने की थी। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि प्रोबेशन की स्वीकृति में हो रही देरी के कारण शिक्षकों को कई वित्तीय और सेवा संबंधी लाभ नहीं मिल पा रहे हैं। उन्होंने मांग की कि चालू वित्तीय वर्ष की दूसरी तिमाही समाप्त होने से पहले 2015 बैच के शिक्षकों के सभी लंबित वित्तीय लाभ, एरियर और अन्य देय राशि जारी की जाए।

प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षकों के हित से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण मुद्दे भी प्रशासक के समक्ष रखे। इनमें यूटी कैडर के शिक्षकों के लिए आकस्मिक अवकाश (कैजुअल लीव) की संख्या मौजूदा सीमा से बढ़ाकर 20 दिन प्रतिवर्ष करने, शिक्षा विभाग के सभी यूटी कैडर कर्मचारियों को केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना (CGHS) का लाभ उपलब्ध कराने तथा वर्ष 2023 में भर्ती हुए सर्व शिक्षा अभियान (SSA) शिक्षकों को 7वें केंद्रीय वेतन आयोग की सिफारिशों का लाभ देने की मांग शामिल रही।

बैठक के बाद संजय टंडन ने कहा कि शिक्षक किसी भी समाज और शिक्षा व्यवस्था की सबसे मजबूत नींव होते हैं। उन्होंने कहा कि यदि शिक्षकों की वैध मांगों का समय पर समाधान किया जाए तो वे अधिक उत्साह, समर्पण और मानसिक संतुलन के साथ विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण में अपनी भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने प्रशासक से अनुरोध किया कि इन मामलों पर प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

टंडन ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल द्वारा उठाए गए सभी मुद्दे पूरी तरह न्यायसंगत हैं और इनका संबंध सैकड़ों शिक्षकों के सम्मान, सेवा सुरक्षा और आर्थिक हितों से जुड़ा हुआ है।



# भारत टेक्स 2026 में मुख्यमंत्री भगवंत मान का निवेशकों को न्योता: टेक्सटाइल उद्योग के लिए पंजाब सबसे उपयुक्त राज्य




नई दिल्ली/चंडीगढ़, 14 जुलाई 2026: मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने भारत टेक्स 2026 के दौरान पंजाब स्टेट पैवेलियन का उद्घाटन करते हुए निवेशकों और उद्योगपतियों को पंजाब में निवेश का आमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि राज्य में टेक्सटाइल क्षेत्र की अपार संभावनाएं हैं और सरकार नई पंजाब इंडस्ट्रियल एंड बिजनेस डेवलपमेंट पॉलिसी 2026 के माध्यम से निवेश, रोजगार और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए हरसंभव सहयोग दे रही है। उन्होंने कहा कि सिंगल विंडो और सिंगल पैन प्रणाली के जरिए उद्योगों को सभी आवश्यक मंजूरियां तय समय सीमा में उपलब्ध कराई जा रही हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब देश के उन चुनिंदा राज्यों में है जहां कपास की खेती, कताई, धागा निर्माण, बुनाई, प्रोसेसिंग, गारमेंट निर्माण और निर्यात तक पूरी टेक्सटाइल वैल्यू चेन मौजूद है। उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 में राज्य ने 1.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक का टेक्सटाइल निर्यात किया, जो भारत के कुल टेक्सटाइल एवं परिधान निर्यात का लगभग चार प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि लुधियाना देश का सबसे बड़ा निटवियर क्लस्टर है और भारत के करीब 90 प्रतिशत ऊनी निटवियर तथा 65 प्रतिशत हौजरी उत्पादन में योगदान देता है।

भगवंत सिंह मान ने कहा कि उनकी सरकार उद्योगों को भागीदार मानती है, न कि राजस्व का स्रोत। उन्होंने दावा किया कि पिछले चार वर्षों में पंजाब ने दो लाख करोड़ रुपये का निवेश आकर्षित किया और पांच लाख रोजगार के अवसर सृजित किए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में अब किसी भी उद्योग को अनावश्यक प्रशासनिक परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ता और कारोबार के लिए पारदर्शी एवं उद्योग-अनुकूल माहौल उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि पंजाब राइट टू बिजनेस एक्ट लागू करने वाला देश का पहला राज्य है और कारोबार करने में आसानी के मामले में अग्रणी स्थान पर है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब में वर्धमान, नाहर, मोंटे कार्लो, स्पोर्टकिंग, शिंगोरा, सनातन टेक्सटाइल्स और अन्य प्रमुख कंपनियां पहले से सफलतापूर्वक कार्य कर रही हैं। उन्होंने निवेशकों से तकनीकी टेक्सटाइल, मेडिकल टेक्सटाइल, स्मार्ट फैब्रिक्स, हाई-परफॉर्मेंस स्पोर्ट्सवियर और सस्टेनेबल फाइबर जैसे उभरते क्षेत्रों में निवेश करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सरकार बेहतर बुनियादी ढांचे, विश्वसनीय बिजली, कौशल विकास, निर्यात प्रोत्साहन और तेज मंजूरी प्रणाली के माध्यम से उद्योगों को पूरा सहयोग दे रही है।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि मोहाली तेजी से "भारत की दूसरी सिलिकॉन वैली" के रूप में विकसित हो रहा है, जहां उद्योगों के लिए आधुनिक और अनुकूल इकोसिस्टम उपलब्ध है। साथ ही सरकार औद्योगिक विकास को गति देने के लिए रेलवे से मालगाड़ियां किराए पर लेने जैसे विकल्पों पर भी विचार कर रही है, ताकि लॉजिस्टिक्स लागत कम हो और उद्योगों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़े। उन्होंने विश्वास जताया कि सरकार और उद्योगों की साझेदारी से पंजाब देश के अग्रणी औद्योगिक एवं टेक्सटाइल हब के रूप में नई पहचान स्थापित करेगा।

## भारत टेक्स-2026 में पंजाब ने पेश की टेक्सटाइल ताकत, 75,000 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों के साथ निवेशकों को दिया बड़ा



चंडीगढ़/नई दिल्ली, 14 जुलाई 2026: भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित भारत टेक्स-2026 के दौरान पंजाब के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री अमन अरोड़ा ने राज्य को देश के सबसे पसंदीदा टेक्सटाइल निवेश केंद्र के रूप में प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में वर्ष 2022 से अब तक पंजाब को 75,000 करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जो राज्य की उद्योग-अनुकूल नीतियों और निवेशकों के बढ़ते विश्वास का प्रमाण हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब अब पारंपरिक टेक्सटाइल उद्योग से आगे बढ़कर तकनीकी, आधुनिक और वैश्विक स्तर के टेक्सटाइल हब के रूप में नई पहचान बना रहा है।

अमन अरोड़ा ने बताया कि पंजाब लंबे समय से देश के टेक्सटाइल उद्योग का मजबूत केंद्र रहा है। राज्य देश के लगभग 95 प्रतिशत ऊनी वस्त्र उत्पादन, 65 प्रतिशत होजरी उत्पादन तथा ब्लेंडेड यार्न निर्माण में अग्रणी है। भारत की कुल कताई क्षमता में पंजाब की 5.7 प्रतिशत हिस्सेदारी है, जबकि टेक्सटाइल एवं परिधान उद्योग राज्य के विनिर्माण सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) में लगभग 14 प्रतिशत योगदान देता है। राज्य में इस क्षेत्र की 1.46 लाख से अधिक औद्योगिक इकाइयां संचालित हैं, जिनसे 10 लाख से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिला हुआ है।

लुधियाना को 'भारत का मैनचेस्टर' कहा जाता है, जबकि जालंधर खेल सामान, अमृतसर ऊनी वस्त्र और मोहाली आधुनिक विनिर्माण गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनकर उभर रहा है। इन क्षेत्रों में विकसित सप्लाई चेन, कुशल मानव संसाधन और निर्यात आधारित उद्योग निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करते हैं।

उद्योग मंत्री ने बताया कि राज्य सरकार ने निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए अपैरल एवं तकनीकी टेक्सटाइल, स्पिनिंग एवं वीविंग तथा डाइंग एवं फिनिशिंग से जुड़ी तीन विशेष नीतियां लागू की हैं। निवेशकों को स्थिर पूंजी निवेश पर 20 प्रतिशत तक पूंजी सब्सिडी, नेट एसजीएसटी का 75 प्रतिशत तक प्रतिपूर्ति तथा 500 करोड़ रुपये तक के कुल प्रोत्साहन जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इसके अलावा राइट टू बिजनेस एक्ट और फास्टट्रैक पंजाब पोर्टल के माध्यम से 5 से 45 कार्यदिवस के भीतर समयबद्ध स्वीकृतियां सुनिश्चित की जा रही हैं, जबकि देरी होने पर स्वीकृति स्वतः मान्य मानी जाती है।

उन्होंने कहा कि वैश्विक टेक्सटाइल उद्योग तेजी से मैन-मेड फाइबर, तकनीकी टेक्सटाइल, मेडिकल टेक्सटाइल, स्पोर्ट्स टेक्सटाइल और हाई-परफॉर्मेंस फैब्रिक्स की ओर बढ़ रहा है। पंजाब में 100 से अधिक पीपीई निर्माता, कई डीआरडीओ-प्रमाणित इकाइयां तथा मेडिटेक, स्पोर्टटेक, एग्रीटेक और जियोटेक जैसे क्षेत्रों में विकसित हो रही क्षमताएं राज्य को इस परिवर्तन का नेतृत्व करने के लिए पूरी तरह तैयार बनाती हैं। उन्होंने निवेशकों से पंजाब की औद्योगिक प्रगति में भागीदार बनने का आह्वान करते हुए विश्वास जताया कि राज्य आने वाले वर्षों में भारत के अग्रणी टेक्सटाइल और तकनीकी वस्त्र केंद्र के रूप में नई ऊंचाइयों को छुएगा।

# अमृतसर में हथियार तस्करी मॉड्यूल का भंडाफोड़: हैंड ग्रेनेड, AK-47 समेत तीन आधुनिक राइफलें बरामद, नाबालिग सहित तीन गिरफ्तार




चंडीगढ़/अमृतसर, 14 जुलाई 2026: पंजाब पुलिस ने राज्य को सुरक्षित बनाने के अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए अमृतसर देहात में अवैध हथियारों और विस्फोटक सामग्री की तस्करी करने वाले एक मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने एक नाबालिग सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक हैंड ग्रेनेड, एक AK-47 राइफल सहित तीन आधुनिक राइफलें और पांच मैगजीन बरामद की हैं। पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने बताया कि हथियारों के स्रोत, इनके इस्तेमाल के उद्देश्य और पूरे नेटवर्क का पता लगाने के लिए विस्तृत जांच जारी है।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान आकाशबीर सिंह उर्फ काशी निवासी भैणी राजपूतां, अमृतसर, जोबन सिंह निवासी बलग्गण, अमृतसर तथा एक नाबालिग के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार बरामद हथियारों में एक AK-47 राइफल, एक संशोधित एम-4 प्रकार का .30 बोर ऑटोमैटिक हथियार, एक विशेष रूप से संशोधित .30 बोर सेमी-ऑटोमैटिक हथियार और पांच मैगजीन शामिल हैं। इतनी बड़ी मात्रा में अत्याधुनिक हथियारों की बरामदगी को सुरक्षा एजेंसियां गंभीर मामला मान रही हैं।

डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह मॉड्यूल सीमा पार से ड्रोन के जरिए भेजे जा रहे हथियारों और विस्फोटक सामग्री को प्राप्त करने और आगे पहुंचाने में सक्रिय था। उन्होंने कहा कि पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि इन हथियारों की आपूर्ति किस नेटवर्क के माध्यम से की जा रही थी, इनके पीछे कौन लोग शामिल हैं और इनका इस्तेमाल किस उद्देश्य से किया जाना था। उन्होंने स्पष्ट किया कि पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश होने तक जांच जारी रहेगी।

इस कार्रवाई के संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) कंवलप्रीत सिंह चाहल ने बताया कि थाना घरिंडा पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी अपने नाबालिग साथी के साथ सीमा पार से ड्रोन के माध्यम से भेजे गए अत्याधुनिक हथियार, गोला-बारूद और ग्रेनेड प्राप्त कर रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने अटारी क्षेत्र के निकट विशेष अभियान चलाया और तीनों आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान इस मॉड्यूल से जुड़े अन्य व्यक्तियों की पहचान की जा रही है और आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां तथा हथियारों की बरामदगी होने की संभावना है।

पुलिस ने इस मामले में थाना घरिंडा, जिला अमृतसर देहात में एफआईआर संख्या 303 (दिनांक 13 जुलाई 2026) दर्ज की है। आरोपियों के खिलाफ शस्त्र अधिनियम की विभिन्न धाराओं तथा विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## मानसून से निपटने के लिए पंजाब पूरी तरह तैयार: पौंग डैम पहुंचे मंत्री बरिंदर कुमार गोयल, 450 करोड़ रुपये के बाढ़ सुरक्षा कार्यों की समीक्षा



चंडीगढ़/पौंग डैम (तलवाड़ा), 14 जुलाई 2026: पंजाब के जल संसाधन मंत्री बरिंदर कुमार गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में राज्य सरकार ने मानसून सीजन के दौरान संभावित बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए व्यापक और मजबूत तैयारियां पूरी कर ली हैं। उन्होंने दोआबा क्षेत्र के दो दिवसीय दौरे के दौरान बाढ़ सुरक्षा एवं मानसून प्रबंधन कार्यों की समीक्षा की तथा पौंग डैम का निरीक्षण कर अधिकारियों को संवेदनशील क्षेत्रों में 24 घंटे निगरानी रखने और सभी सुरक्षा कार्य समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए।

पौंग डैम में जल स्तर का जायजा लेने के बाद मंत्री ने बताया कि वर्तमान में डैम का जलस्तर 1322 फीट है, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 1328 फीट था। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष की तुलना में जलस्तर कम है, लेकिन सरकार किसी भी संभावित स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह सतर्क है। राज्य में बाढ़ नियंत्रण के लिए निगरानी व्यवस्था को मजबूत किया गया है और सभी संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय सुनिश्चित किया गया है।

बरिंदर कुमार गोयल ने कहा कि पंजाब सरकार ने लोगों की जान-माल, कृषि भूमि और सार्वजनिक बुनियादी ढांचे की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। इसी उद्देश्य से पूरे राज्य में लगभग 450 करोड़ रुपये की लागत से व्यापक बाढ़ सुरक्षा परियोजनाएं लागू की गई हैं। इन कार्यों में 101 बोल्डर स्टोन एवं हाइब्रिड सुरक्षा परियोजनाएं, 17 बांधों को ऊंचा करने, 22 बांधों को मजबूत बनाने, 188 ड्रेनों की सफाई तथा 5 फ्लड कंट्रोल गेटों के संचालन एवं रखरखाव से जुड़े कार्य शामिल हैं। उन्होंने कहा कि मानसून के दौरान नदियों, नालों, ड्रेनों और तटबंधों की लगातार निगरानी की जाएगी ताकि किसी भी संभावित खतरे का समय रहते पता लगाया जा सके।

## 'गैंगस्टरां ते वार' के 175वें दिन 897 स्थानों पर छापेमारी, 657 गिरफ्तार; 30.5 किलो हेरोइन के साथ 86 नशा तस्कर भी दबोचे

चंडीगढ़, 14 जुलाई: पंजाब पुलिस ने 'गैंगस्टरां ते वार' अभियान के 175वें दिन राज्यभर में 897 ठिकानों पर छापेमारी कर 657 लोगों को गिरफ्तार किया। इस दौरान 515 व्यक्तियों के खिलाफ एहतियातन कार्रवाई, 22 भगोड़े अपराधियों की गिरफ्तारी तथा 6 हथियार भी बरामद किए गए। पुलिस ने लोगों से एंटी-गैंगस्टर हेल्पलाइन 93946-93946 पर गैंगस्टरों और आपराधिक गतिविधियों की गोपनीय सूचना देने की अपील की।

वहीं, 'युद्ध नशियां विरुद्ध' अभियान के 500वें दिन 86 नशा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 30.5 किलोग्राम हेरोइन, 110 नशीली गोलियां और 2,220 रुपये की ड्रग मनी बरामद की गई। साथ ही 7 लोगों को नशा मुक्ति एवं पुनर्वास उपचार के लिए प्रेरित किया गया।




Advertisement



From Foundation to Finish – We Build Everything!

We specialize in high-quality construction services for: Residential Homes, Commercial Buildings Kothi & Luxury Villas, Showrooms & Shops, Flats & Apartments

WE PROMISE YOU FOR A BETTER FUTURE!

N M CONSTRUCTION
Excellence in every structure

#219 GF Maa Shimla Complex, Landran Road, Kharar, SAS Nagar, 140301, Punjab
Email: nmconstruction5151@gmail.com | Phone: +91-6009610096, 9872766841

Tue - 14 Jul - 2026 | Year - 01 | Issue - 99 | Page - 03 | Rs. - 5 | www.azadvaani.com

# herbegy™

Think pure think herbal

## PREMIUM SPICES RANGE

### Pure Spice. Rich Flavour.




## PURE | AROMATIC | PREMIUM QUALITY

Advertisement

For Dealer Inquiry Contact:

**727-515-0015**

Printed by: Desh Sewak Printers Limited, Sector-29-D, Chandigarh – 160030 and Published by: Shafiur Rahman from #2111 SF, TDI City, Sector-110, Mohali, Sahibzada Ajit Singh Nagar, Punjab – 140307. Owner, Publisher & Chief Editor: Shafiur Rahman. Title Verification Number: PBBIL/26/A0779. Periodicity: Monthly.